फा.सं. नीपा/प्रशासन/आरओ/अधिसूचना/030/2022-23

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

(यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय)

17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016

दिनांक: 19.01.2023

अधिसूचना

जैसा कि आपको ज्ञात है, भारत ने वर्ष 2023 के लिए जी-20 की अध्यक्षता संभाली है, इसके अंतर्गत भारत सरकार ने अनेक कार्यकलापों की योजना बनाई है। नीपा ही उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय और भारत सरकार को जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप हेतु सहायता प्रदान करेगा।

उपर्युक्त के आलोक में, सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित संकाय सदस्यों को कार्रवाई बिंदुओं में समन्वय/सहयोग के लिए नामांकित करते हैं। कार्रवाई बिंदुओं का विवरण और प्रमुख संकाय के नाम निम्नांकित हैं:-

कार्रवाई बिंदु	**प्रमुख प्रभारी संकाय**
परामर्शी बैठक	
प्रोफेसर कुमार सुरेश विभिन्न समूहों और प्रमुख संकायों के सहयोग से नीपा से संबंधित जी20 के सभी कार्यकलापों का समन्वय करेंगे और शिक्षा मंत्रालय को भेजी जाने वाली रिपोर्ट को अंतिम रूप देंगे	समन्वयक
जी-20 शैक्षिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों/विषयों (अगले कॉलम में उल्लिखित) पर 4 समूहों का गठन नीपा में किया गया है, जो चार विषयों हेतु पृष्ठभूमि/अवधारणा नोट तैयार करने की कमान संभालेंगे और परामर्शी बैठक के पश्चात समूहवार रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसे जी-20 शिक्षा मंत्रिस्तरीय घोषणा में शामिल किया जाएगा।	**विशेष रूप से मिश्रित शिक्षा के प्रसंग में बुनियादी अक्षरज्ञान एवं अंकज्ञान सुनिश्चित करना** प्रोफेसर मधुमिता बंद्योपाध्याय, प्रोफेसर रस्मिता दास स्वाईं और डॉ सरिंग चोनजोम भूटिया **प्रत्येक स्तर पर टेक-इनेबल्ड लर्निंग को और अधिक समावेशी, गुणात्मक और सहयोगपूर्ण बनाना** प्रोफेसर पीके मिश्र, प्रोफेसर श्रीनिवास, डॉ अमित गौतम और डॉ आलोक रंजन **काम के भविष्य के संदर्भ में क्षमता निर्माण तथा जीवन पर्यंत शिक्षा को बढ़ावा देना-** प्रोफेसर मोना खरे, प्रोफेसर विनीता सिरोही और डॉ बिनय प्रसाद **सहयोग को और बढाते हुए शोध को सुदृढ़ बनाना तथा नवाचार को बढ़ावा देना** प्रोफेसर ए के सिंह, प्रोफेसर के बिस्वाल और एल्डो मैथ्यूज
समन्वयक प्रोफेसर कुमार सुरेश स्थिति का जायजा लेने के लिए दिनांक 23 जनवरी 2023 को एक प्रारंभिक बैठक आयोजित करेंगे। कुलपति (प्रभारी) बैठक की अध्यक्षता करेंगे।	समन्वयक और सभी समूह
पृष्ठभूमि नोट साझा किया जाए और दिनांक 25 जनवरी 2023 तक सभी प्रतिभागियों को आमंत्रण पत्र भेज दिया जाए	समन्वयक और सभी समूह

नीपा द्वारा जी-20 का प्रचार	
मौजूदा सोशल मीडिया समिति में एक परियोजना सलाहकार को भी शामिल किया जाए	प्रोफेसर आरती श्रीवास्तव, डॉ अनुपम पचौरी और श्री चंद्र कुमार एमजे मौजूदा सोशल मीडिया समिति के सदस्य हैं। नीपा के जी-20 प्रचार की कमान संभालने हेतु प्रोफेसर मनीषा प्रियम को इस समिति में शामिल किया जाएगा
नीपा की वेबसाइट के साथ-साथ नीपा परिसर में जी20 बैनर प्रदर्शित किया जाएगा	प्रोफेसर मनीषा प्रियम
एडडब्ल्यूजी की दूसरी बैठक	
एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक अमृतसर में आयोजित होगी और इसका आयोजन आईआईटी रोपड़ द्वारा किया जा रहा है बैठक के आयोजन में नीपा आईआईटी रोपड़ को सहयोग प्रदान करेगा	प्रोफेसर मनीषा प्रियम एवं प्रोफेसर आरती श्रीवास्तव
विद्यार्थियों की भागीदारी	
यूजीसी के पत्र के संदर्भ में, एक जी-20 विद्यार्थी शेरपा का गठन किया जा सकता है	प्रोफेसर मनीषा प्रियम
विद्यार्थी शोध समूह का गठन किया जाएगा और जी-20 के सभी सदस्यों के डॉक्टोरल छात्रों को शामिल करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा	प्रोफेसर मनीषा प्रियम
एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य/वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए	प्रोफेसर मोना खरे, प्रोफेसर मधुमिता, डॉ अमित गौतम, डॉ कश्यपी अवस्थी
नीपा के 12 विद्यार्थी प्रतिवेदकों को परामर्शी बैठक के लिए नियुक्त किया जाए	प्रोफेसर विनीता सिरोही, प्रोफेसर रस्मिता दास स्वाईं, डॉ संगीता अंगोम, डॉ सुमन नेगी
शिक्षा मंत्रालय को पत्र	
नीपा द्वारा जी20 के संबंध में किए जाने वाले कार्यकलापों से संबंधित प्रगति से अवगत कराने के लिए कुलपति कार्यालय द्वारा संयुक्त सचिव को एक पत्र भेजा जाएगा।	कुलपति कार्यालय
जी20 से संबंधित कार्यों के लिए नीपा द्वारा पहले से ही पहलकदमियां की जा रही है:	
नीपा की हिन्दी पत्रिका, 'परिप्रेक्ष्य' का जी20 विषय पर आधारित विशेषांक तैयार किया जा रहा है	प्रोफेसर. मनीषा प्रियम

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अधिसूचित किया गया है।

डी.एस. ठाकुर
19.1.2023

(डॉ. डी.एस. ठाकुर)
प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)
कुलसचिव (प्रभारी)

सेवा में,

<u>सभी संबंधित संकाय सदस्य</u>

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. कुलपति के वरिष्ठ निजी सचिव - माननीय कुलपति को सूचनार्थ
2. कुलसचिव के निजी सहायक
3. प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)
4. वित्त अधिकारी
5. उप प्रकाशन अधिकारी
6. सिस्टम एनालिस्ट को नीपा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु